दिनांकः 04.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि आध्यामिकता के जरिये निजी जीवन और समाज से जुड़े कई मुद्दों के समाधान खोजे जा सकते हैं। श्रीमती मुर्मू आज सिरोही जिले के आबू रोड़ स्थित ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान में ''स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिकता'' विषय पर आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ बाहरी वातावरण में ही नहीं बल्कि विचारों और कर्मों में भी होनी चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि आज दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण प्रदूषण के विपरीत प्रभावों से जूझ रही है। ऐसे में इन चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी संभव प्रयास करने चाहिए। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।
केन्द्र सरकार की ओर से प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे सभी को पोषण युक्त अन्न मिलेगा। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम से पहले राष्ट्रपति ने संस्थान के मानसरोवर में पौधरोपण भी किया।
राष्ट्रपति आज ही बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में राज्य सरकार की ओर से आयोजित आदि गौरव सम्मान समारोह में शामिल होंगी। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी बांसवाडा के मानगढ़ पहुंचे हैं।
इससे पहले श्री शर्मा ने त्रिपुर सुंदरी मंदिर के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उनके साथ कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी भी मौजूद रहे।

.......................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम नई दिल्ली में कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन का तीसरा संस्करण 6 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष का सम्मेलन हरित परिवर्तन के वित्तपोषण, भू–आर्थिक विखंडन और विकास जैसे विषयों पर केंद्रित होगा। भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय विद्वान तथा नीति निर्माता भारतीय अर्थव्यवस्था और ग्लोबल साउथ की अर्थव्यवस्थाओं की महत्वपूर्ण चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन में दुनियाभर के वक्ता भाग लेंगे। सम्मेलन का आयोजन वित्त मंत्रालय और आर्थिक विकास संस्थान की ओर से किया जा रहा है।

.......................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी श्यामजी कृष्ण वर्मा को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्र के प्रति श्री वर्मा की अटूट भावना और समर्पण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्यामजी कृष्ण वर्मा की विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि श्यामजी के क्रांतिकारी कार्यों ने देश की आजादी के संकल्प में ऊर्जा का संचार किया।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी लंदन में 'इंडिया हाउस' की स्थापना करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी, श्याम जी कृष्ण वर्मा की जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि उनके तेजस्वी विचार सभी को राष्ट्र सेवा और समाज के उत्थान के कार्यों के लिए हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

.......................................

अजमेर की आना सागर झील में आज से इलेक्ट्रिक डबल डेकर क्रुज की शुरूआत हुई। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत और अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस क्रूज के माध्यम से पर्यटक, झील में 45 मिनट में 6 किलोमीटर यात्रा का आनंद उठा सकेंगे। इसमें एक साथ डेढ़ सौ यात्री सफर कर सकेंगे।

.......................................

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से स्वंयसिद्धा हस्तशिल्प प्रदर्शनी लगाई गई है। लघु उद्योग भारती की महिला इकाई की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी का उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने

उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में महिला उद्यमियों द्वारा बनाए गए उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है। आगन्तुकों के मनोरंजन के लिए झूले, क्रिएटिव कॉर्नर और फुड कोर्ट भी लगाए गए हैं। तीन दिन तक चलने वाली प्रदर्शनी के दौरान आज डांडिया रास का आयोजन होगा। वहीं कल घूमर और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। प्रदर्शनी में लोगों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

.......................................

स्वच्छ भारत अभियान के तहत भरतपुर में सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को लेकर आज जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को इसके दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। साथ ही गंदगी से होने वाली बीमारियों से भी अवगत कराया गया।

.......................................